वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 230 | बुधवार 17 दिसम्बर 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया




@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## मां मनोहर मोहता की स्मृति में छठा स्वैच्छिक रक्तदान और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को

### सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज हेरिटेज निगम चेयरमैन पवन शर्मा नटराज ने किया पोस्टर का विमोचन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मां मनोहर मोहता परिवार की ओर से 6 वां विशाल स्वैच्छिक रक्तदान और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान और चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज, हेरिटेज नगर निगम चेयरमैन पवन शर्मा नटराज ने किया। शिविर के संयोजक धीरज मनोहर मोहता ने बताया कि जयपुर के प्रसिद्ध इंटरनल हॉस्पिटल के चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे, एवं जयपुर के विभिन्न ब्लड बैंक अपनी सेवाएं देंगे, इस मौके पर विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। समिति सदस्य नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि शिविर का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे से गणेश मंदिर खिरणी फाटक रोड तारानगर झोटवाड़ा में किया जाएगा। नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि इस रक्तदान शिविर को थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों को समर्पित किया जाएगा। किसी मासूम की जान बचाकर जिंदगी भर उसकी मुस्कान का कारण आपका रक्तदान बन सकता है और इसके लिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा अपनों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप स्वस्तिक का बाय-बाय 2025 सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप स्वस्तिक का बाय-बाय 2025 कार्यक्रम संपन्न हुआ। अध्यक्ष सतीश बाकलीवाल ने बताया कि विनोद अजमेरा ने दीप प्रज्जवलन किया। मंगलाचरण मधु बाकलीवाल, राजकुमारी अजमेरा, रंजू और बेला ने गाया। संयोजक बेला पाटनी ने सभी साथियों का तिलक लगा कर स्वागत किया। बहुत बढ़िया गेम खिलाया। एंकरिंग कमलेश बाकलीवाल ने की। नए साथियों का स्वागत किया। जन्म दिनांक वाले और शादी की वर्षगांठ वाले साथियों का सम्मान किया।

## रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर के सतीश गोयल अध्यक्ष व धर्मेंद्र गोयल सचिव निर्वाचित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वर्ष 2026 27 के लिए रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी एन एम माथुर ने निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। उनमें अध्यक्ष सतीश गोयल, उपाध्याक्ष प्रथम बसंत जैन, सचिव धर्मेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष सोनिया नायर, लर्निंग फैसिलिटेटर एडवोकेट अशोक गोयल, निदेशक एडवोकेट बी बी शर्मा, क्षितिज प्रसाद, विनोद आर्य, राजेंद्र तिवाड़ी, डॉ प्रभा लुहाड़िया, प्रमोद भार्गव, राम प्रसाद पारीक, रिंकू माथुर ,संजीव कनिंजो, राजेश लुहाड़िया राजीव सक्सेना, कपिल गुप्ता एवं वर्ष 2027-28 के लिए अध्यक्ष मुकेश माथुर एवं अन्य पदाधिकारी चुने गए।वर्तमान अध्यक्ष मीता माथुर एवं अन्य सभी ने चयनित सभी पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की तथा चुनाव अधिकारी को धन्यवाद व्यापित किया। वर्ष 26 - 27 के लिए सर्व सम्मति से निर्वाचित अध्यक्ष सतीश गोयल ने निर्वाचित होने के बाद रोटरी के कार्यों को और आगे बढ़ाने की बात कही। क्लब का नाम डिस्ट्रिक्ट में सभी के सहयोग और ऊंचाइयों पर पहुंचाने की बात कही। उन्होंने निर्वाचित पूरी टीम को बधाई दी। **मीता माथुर (अध्यक्ष)**

# निमोला मेला वार्षिक उत्सव आयोजन में उमड़े श्रद्धालु





## भगवान पार्श्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक पर मण्डल विधान का हुआ आयोजन

**टोंक. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पार्श्वनाथ मंदिर निमोला में भगवान चंद्र प्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव अनेक धार्मिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया जिसमें मण्डल विधान आयोजित किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राजेश अरिहंत ने बताया कि जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्र प्रभु एवं तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पर श्रद्धालुओं ने अभिषेक एवं शांतिधारा की, इस दौरान विधानाचार्य पण्डित मनोज शास्त्री के मंत्रोच्चार द्वारा विधान मे नव देवता पूजा देव शास्त्र गुरु पूजा चंद्रप्रभु पूजा पार्श्वनाथ पूजा के साथ मण्डल विधान की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया जिसमें समाजसेवी प्रकाश चंद पटवारी पवन जैन, दिगम्बर जैन महासमिति टोंक संभाग की मंत्री रेखा जैन को ध्वजारोहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ चित्र अनावरण कर्ता महावीर प्रसाद गोयल प्रेम देवी दीप प्रज्वलन मधुबाला जैन बाबूलाल जैन विधान पुण्यार्जक आर्यिका कनक श्री महिला मंडल पुरानी टोंक आदिनाथ महिला मंडल टोंक के बीच संगीतकार कमलेश जैन पन्डेर ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर भक्ति भाव से भक्ति नृत्य किये इस अवसर पर नित्य पूजा पाठ संग्रह पुस्तक का विमोचन प्रकाश चंद पवन कुमार मनोज कुमार सोनी परिवार के द्वारा किया गया मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबूलाल जैन रानोली वाले कोषाध्यक्ष अशोक जैन निमोला ने बताया कि विधान में श्रद्धालुओं ने मण्डल पर पांच मंगल कलश की स्थापना की गई। इस दौरान विधानाचार्य के निर्देशन में मण्डल विधान में श्री फल अर्ध्य चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान वार्षिकोत्सव पर जैन समाज एवं अतिशय क्षेत्र निमोला कमेटी के तत्वावधान में गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान पार्श्वनाथ रथ में विराजमान थे रथ यात्रा में श्री जी को रथ में लेकर बैठने का सौभाग्य निहालचंद महेंद्र कुमार पवन कुमार निमोला वाले नैनवा सारथी बनने का सौभाग्य बाबूलाल मनोज कुमार निमोला वाले नैनवा चँवर ढूलाने का सौभाग्य महावीर प्रसाद राजेंद्र कुमार सुनील कुमार गोयल डिग्गी वाले श्रद्धालुओं द्वारा श्री जी की रथयात्रा को जैन मंदिर से निकाली गई श्री जी के रथ को युवा अपने हाथों से खींचकर चला रहे थे महिलाएं भक्ति नृत्य करते हुए एवं पुरुष हाथों में जैन ध्वज लिए हुए चल रहे थे रथ यात्रा गाजे बाजे के साथ गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां पर श्री जी को रजत जड़ित पांडू शिला में विराजमान कर सामुहिक कलशाभिषेक के साथ अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए श्री जी के चरणों में रखी माला को बोली के माध्यम से पहनने का सौभाग्य संत कुमार अमित कुमार अनुज कुमार जैन कासलीवाल परिवार टोडा को मिला कमेटी अध्यक्ष बाबूलाल राणोली मंत्री पारस जैन उम वाले कोषाध्यक्ष अशोक जैन निमोला रमेश काला हुकम चंद जैन महावीर प्रसाद पराणा, कपूर चंद पाटोदी, गम्भीरा अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश जैन, सांखना अध्यक्ष प्रकाश चंद सोनी, महावीर प्रसाद जैन अशोक कासलीवाल आदिश गंगवाल ज्ञानचंद भाणजा, अशोक छाबड़ा, निमोला सरपंच कैलाश चंद तिवाडी कैलाश चंद जयपुरिया राजेंद्र कुमार भावता वाले संजय जैन लांबा भागचंद जैन धुआं गणेश जैन निमोला संत कुमार जैन टोड़ा पदमचंद टोंग्या सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे एक दिन पूर्व विशाल पद यात्रा पांच मंदिर पुरानी टोंक से रवाना होकर सोनवा,अरनिया माल होते हुए निमोला पहुंची पदयात्रियों ने सायंकाल 108 दीपको से भगवान पार्श्वनाथ की महाआरती की तत्पश्चात 48 दीप प्रज्वलन करते हुए भक्तामर स्त्रोत के पाठ का आयोजन किया गया एवं रात्रि को भजन संध्या का आयोजन हुआ।

### श्री दिगंबर जैन मंदिर नेमीनाथ (सांवला जी) आमेर में

## आठवे तीर्थंकर 1008 श्री चन्द्रप्रभ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक दिवस मनाया



**आमेर. शाबाश इंडिया।** जयपुर के नजदीक आमेर की सुरम्य वादियों में श्री दिगंबर जैन मंदिर नेमीनाथ(सांवला जी)आमेर परिसर में अति प्राचीन श्री दिगंबर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी स्थापित है जिसके प्रबन्धकर्ता प्रबन्धकारिणी कमेटी दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी है। क्षेत्र के मानद मंत्री सुभाष चन्द जैन ने बताया कि देवाधिदेव 1008 श्री चन्द्रप्रभ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस शुभ अवसर पर श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा के उपरांत भगवान 1008 श्री चन्द्रप्रभजी भगवान एवं श्री पार्श्वनाथ भगवान की पूजा अर्चना कर जन्म एवं तप कल्याणक के अर्घ चढाये गये ।कार्यक्रम में क्षेत्र की अन्य मन्दिरान समिति के सदस्य योगेश टोडरका, प्रदीप ठोलिया सहित लोकेश पापडीवाल एवं अन्य साधर्मी बन्धु उपस्थित थे।

## डॉ. विमला जैन ने ज्योतिष शास्त्र में फलादेश तकनीक विषय पर अपने शोध पत्र का वाचन किया




**इंदौर. शाबाश इंडिया**

भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत शासकीय संस्कृत महाविद्यालय इंदौर में रविवार को ज्योतिष, वास्तु, कर्मकांड विषयों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। देश भर से आए विख्यात विद्वानों ने संगोष्ठी में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर विमला जैन जो मूलतः नीमच की बेटी है ने आचार्य, ज्योतिष एस्ट्रोसेज कंपनी द्वारा आयोजित ''ज्योतिष शास्त्र में फलादेश तकनीक'' पर अपने विचार रखे, तथा अपने शोध पत्र का वाचन किया। डॉ. जैन ने बताया कि गणना का तरीका जितना शुद्ध होगा फलादेश उतने ही सत्य के निकट होंगे। जीवन की राह में आने वाले कठिन प्रश्नों के उत्तर भी ज्योतिषशास्त्र देता है। इसके लिए विभिन्न पेरामीटर जैसे गृह स्थिति, दृष्टि, युति, योग, दोष आदि के आधार पर जन्म कुंडली का समग्र अध्ययन आवश्यक है। किसी एक गृह या योग के अच्छा या बुरा होने पर फलादेश नहीं किया जा सकता। इसमें दशा कि भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। फलादेश एक पूर्णतः विज्ञान आधारित तकनीक है।

**समाचार प्रेषकः आदित्य जैन, नीमच।**

# प्याज का सीमित प्रयोग गंभीर रोगों से छुटकारा दिलाता है

अधिकतर भारतीय लोगों के घरों में हरे व सफेद प्याज का इस्तेमाल किया जाता है। खाने-पीने का स्वाद बढ़ाने के अलावा सभी प्याज औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसके अर्क में कई बीमारियों से राहत दिलाने की क्षमता होती है। गर्मियों में इसे सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जा सकताहै, आज हमारे घरों में बिना प्याज के खाना अधूरा माना जाता है। प्याज एक ऐसी सब्जी है, जिसे लगभग सभी चीजों में डालकर खाया जा सकता है। कच्चा प्याज सलाद में भी भरपूर खाया जाता है। प्याज खाने में टेस्टी लगता है और सेहत को फायदे पहुंचाता है। इस सब्जी में कई शक्तिशाली तत्व होते हैं, जो आपके शरीर को जानलेवा बीमारियों से बचाने में सक्षम हो सकते हैं। आयुर्वेद की कई जनरल रिसर्च में पाया गया है कि प्याज को हार्ट डिजीज, डायबिटीज से लेकर कैंसर से बचाने में फायदेमंद माना गया है। गर्मियों में प्याज लू से बचाने में कारगर होती है। इस सब्जी के अनगिनत फायदे होते हैं। आयुर्वेद हेल्थव्यूह की रिपोर्ट के मुताबिक प्याज सबसे ज्यादा पौष्टिक सब्जियों में शुमार की जाती है। यह सस्ती सब्जी कई हेल्दी विटामिन, मिनरल्स और प्लांट कंपाउंड का खजाना मानी जाती है। औषधीय गुणों से भरपूर प्याज का इस्तेमाल आयुर्वेद और अन्य चिकित्सा प्रणालियों में सैकड़ों सालों से किया जा रहा है। प्राचीन काल में सैनिक अपने खून को शुद्ध करने के लिए प्याज का उपयोग करते थे, जबकि मध्यकालीन युग में इसे सिरदर्द, हृदय रोग और मुंह के घावों के इलाज में मदद करने के लिए असरदार माना जाता था। मॉडर्न साइंस ने भी प्याज को पावरफुल सब्जी माना है और रिसर्च में इसके फायदे सामने आए हैं। प्याज खाने के सबसे ज्यादा फायदे, प्याज में मुख्यतः प्रोटीन, कार्ब्स, शुगर, फाइबर, फैट, पोटेशियम, विटामिन उ समेत पोषक तत्वों का भंडार होता है। इससे हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत हो सकता है। विटामिन सी आयरन अब्जॉर्पशन को बेहतर बनाता है, जिससे खून की कमी नहीं होती है। प्याज में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेट खतरनाक फ्री रेडिकल्स से बचाने में सक्षम होते हैं। मेटाबॉलिज्म और नर्व



सिस्टम के लिए भी प्याज का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। कुछ साल पहले सामने आई एक रिसर्च में पता चला था कि प्याज के अर्क का सेवन करने से ब्लड शुगर को 25-30 फीसदी तक कम करने में मदद मिल सकती है। रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों ने इसे डायबिटीज कंट्रोल करने का सबसे सस्ता और आसान तरीका बताया था। प्याज का सेवन करने से मोटापा और हाई कोलेस्ट्रॉल से भी राहत मिल सकती है। प्याज खाने से डायबिटीज और हार्ट डिजीज समेत कई जानलेवा बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। प्याज और लहसुन जैसी सब्जियां पेट और कोलोरेक्टल कैंसर सहित कुछ प्रकार के कैंसर के खतरे को कम कर सकती हैं। प्याज में एंटी-कैंसर गुण व प्रॉपर्टी होती हैं। 2018 में कुल 13,800 लोगों पर किए गए 20 अध्ययनों की समीक्षा में शोधकताओं ने सुझाव दिया कि सबसे अधिक प्याज का सेवन करने वाले लोगों में सबसे कम सेवन करने वाले लोगों की तुलना में कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा 25% कम था। प्याज में फिसेटिन और क्वेरसेटिन भी होते हैं, जो फ्लेवोनोइड एंटीऑक्सिडेंट हैं और ये ट्यूमर के विकास को रोक सकते हैं ! हड्डियों को मजबूत करने के लिए दूध-दही, पनीर और अन्य डेयरी प्रोडक्ट को बढ़िया माना जाता है, लेकिन प्याज भी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। एक



अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रति दिन कम से कम एक बार प्याज खाते थे, उनकी हड्डियों का घनत्व उन लोगों की तुलना में 15% अधिक था, जो प्रति माह एक बार या उससे कम बार प्याज खाते थे। प्याज ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने, एंटीऑक्सीडेंट के स्तर को बढ़ाने और हड्डियों के नुकसान को कम करने में मदद करता है। इससे अस्थि रोग ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने और हड्डियों के घनत्व में सुधार करने में मदद मिलती है। 2010 की एक टेस्ट-ट्यूब स्टडी से पता चलता है कि प्याज का रस या अर्क विब्रियो कॉलेरी के विकास को रोक सकता है। विब्रियो कॉलेरी एक प्रकार का बैक्टीरिया होता है जो दुनिया के कुछ हिस्सों में अनेक बीमारियां फैलने की वजह है। प्याज से निकाला गया क्वेरसेटिन तत्व इस खतरनाक बैक्टीरिया के विकास को भी कम कर सकता है। ये बैक्टीरिया पेट के अल्सर, पाचन तंत्र में परेशानी और कुछ प्रकार के कैंसर की वजह बन सकता है। प्याज में भरपूर एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। प्याज फाइबर और प्रीबायोटिक्स का अच्छा सोर्स है, जिससे आंतों की हेल्थ बेहतर हो सकती है। प्रीबायोटिक खाद्य पदार्थों का सेवन लैक्टोबैसिलस और बिफीडोबैक्टीरियम स्ट्रेन जैसे प्रोबायोटिक्स को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है, जो पाचन स्वास्थ्य को सुधारते हैं। प्याज प्रीबायोटिक्स और फ्रुक्टुलिगोसैकेराइड्स से भरपूर होता है, जो आपके आंत में अनुकूल बैक्टीरिया की संख्या बढ़ाने और इम्यून सिस्टम सुधारने में मदद कर सकते हैं। प्याज को पाचन सिस्टम को दुरुस्त करने में असरदार माना जा रहा है। आयुर्वेद में प्याज को पलांडु कहते हैं। मात्रा से खाया जाए तो शरीर को कई बीमारियों से बचाया जा सकता है।

# सामाजिक सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ने किया महेश चंद जैन एवं मृदुला जैन का सम्मान

अजय जैन. शाबाश इंडिया

**अंबाह।** सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के सदस्यों ने महेश चंद जैन एमपीईबी एवं श्रीमती मृदुला जैन का उनके निवास पर पहुंचकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पहार एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनके सेवा कार्यों की सराहना की



गई। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष अमित जैन टकसारी एवं महामंत्री कुलदीप जैन ने बताया कि महेश चंद जैन लंबे समय से न केवल स्थानीय जैन समाज, बल्कि अन्य समाजों के कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे सामाजिक एकता, सहयोग और सेवा भाव के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से अनेक सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों को गति मिली है। उन्होंने बताया कि श्रीमती मृदुला जैन भी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाती हैं तथा महिलाओं एवं युवाओं को धार्मिक और संस्कारपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। उनके सहयोग से अनेक धार्मिक आयोजनों और सेवा कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। सम्मान समारोह के दौरान महेश चंद्र जैन ने युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सार्थक कार्य करना ही सच्ची सफलता है। उन्होंने युवाओं से सदैव धर्म, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सदस्यों ने दोनों को उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की शुभकामनाएं दीं।

# रिलायंस ने 75 साल पुराने 'SIL' ब्रांड को नए स्वाद और अंदाज़ में किया लॉन्च

## ₹5 से नूडल्स, ₹1 से केचप और ₹22 से जैम को बाजार में उतारेगा रिलायंस

**बेंगलुरु।** खाने के शौकीनों के लिए यह खबर किसी ट्रीट से कम नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (RCPL) ने 75 साल पुराने प्रतिष्ठित फूड ब्रांड SIL को एक बार फिर नए अवतार में बाजार में उतार दिया है। इसके साथ ही रिलायंस ने पैकेज्ड फूड सेगमेंट में मजबूती से अपने पैर जमा लिए है। कंपनी ने SIL को अपना फ्लैगशिप फूड ब्रांड बनाया है।SIL नूडल्स की एक नई रेंज लेकर आ रहा है। ₹5 से शुरू होने वाली इस रेंज में मसाला, आटा विद वेजीज़, कोरियन के-फायर और चाउ-चाउ जैसे चार वैरिएंट उपलब्ध होंगे। वहीं, असली टमाटरों से बना SIL केचप बिना किसी कृत्रिम रंग या सिंथेटिक सामग्री के पेश किया जाएगा,




जिसकी शुरुआती कीमत ₹1 रखी गई है। इसके अलावा, आठ फलों से तैयार SIL मिक्स्ड फ्रूट जैम 100 ग्राम, 200 ग्राम और 500 ग्राम पैक में बाजार में उतारा जाएगा, जिसकी शुरुआती कीमत ₹22 होगी। कंपनी का दावा है कि इसमें 22 प्रतिशत ज्यादा फ्रूट कंटेंट होगा।रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर केतन मोदी ने कहा, "SIL का रीलॉन्च RCPL की ग्रोथ जर्नी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पैकेज्ड फूड सेगमेंट में SIL के जरिए हम एक मजबूत और हर घर तक पहुंचने वाला फूड पोर्टफोलियो बनाना चाहते हैं। SIL विरासत, भारतीयता और इनोवेशन का ऐसा मेल है, जो दुनिया के लिए उच्च गुणवत्ता वाले, वैल्यू-ड्रिवन फूड प्रोडक्ट्स पेश करेगा।"

## वेद ज्ञान

### मनुष्य के हाथ में कुछ नहीं

यदि मनुष्य के हाथ में कुछ होता तो वह मनचाहा जीवन जीने की प्रभुता रखता संसार में जो भी जिसे मिला है वह महज प्रभुकृपा से ही। वह उतनी ही देर उस पद अथवा सत्ता पर आसीन रह सकता जितनी देर प्रभुकृपा से उसे अवसर प्राप्त हुआ है। अनादि काल से यह चराचर सृष्टि उस असीम प्रभुसत्ता की न्यायप्रिय बागडोर से ही अधिशासित है। यह व्यवस्था इतनी सुव्यवस्थित है कि कभी इसने किसी जीव के साथ किंचित भी अन्याय नहीं किया है। इस दुर्लभ जीवन का कोई भी सुअवसर प्रभुकृपा के बगैर संभव नहीं है। इस संसार में संपूर्ण जीवजाति अपने विगत कर्मों की शुचिता व अशुचिता के क्रम में जन्म ग्रहण करती है, लेकिन सभी को वही कुछ नहीं नसीब हो पाता है जिसकी आवश्यकता उसे महसूस होती है अथवा जिसे वह प्राप्त कर लेना चाहता हो। अपने पुण्यकर्मों के प्रभाव से प्राप्त पद की गरिमा, शक्ति व चकाचौंध में अज्ञानता से वशीभूत होकर वह समय व अपने अधीनस्थों को अपने निदेशों से निर्देशित करना चाहता है। वह भूल जाता है कि यहां जो कुछ भी मिला है वह महज प्रभुकृपा से ही सुलभ हुआ है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता की पराकाष्ठा तक पहुंचने के दो ही सूत्र हैं। एक कार्य के प्रति संघर्षयुक्त निष्ठा (ईमानदारी) और दूसरा जो प्रमुख कारक है वह है प्रभुकृपा। जीवन के महासंग्राम में सभी सैनिक अपने-अपने उद्देश्यों और आदर्शों की लड़ाई लड़ते हैं, लेकिन योग्यता, क्षमता व प्रचुर शक्ति के होते हुए भी विजयश्री उसी को मिलती है जिस पर महज प्रभुकृपा होती है। जीवन में हर व्यक्ति संघर्ष व मेहनत करता है। चुनाव में असंख्य लोग अपना अथक श्रम, पैसा व शक्ति लगाकर भाग्य आजमाते हैं, लेकिन विजयश्री की कुर्सी व पद उसे ही प्राप्त होता है जिसे प्रभुकृपा का प्रसाद कवच रूप में प्राप्त होता है। प्रभुसत्ता के समक्ष संसार की सारी सत्ताएं धरी की धरी रह जाती हैं। उसके बगैर वे वैभव व श्रीहीन हो जाती हैं। यदि मनुष्य के हाथ में कुछ होता तो वह मनचाहा जीवन जीने की प्रभुता रखता, लेकिन एक क्षण भी वह प्रभुकृपा की स्नेह-छांव के बगैर जीवन यात्रा का पग आगे नहीं बढ़ा सकता। संसार में जो भी जिसे मिला है वह महज प्रभुकृपा से ही। वह उतनी ही देर उस पद अथवा सत्ता पर आसीन रह सकता है जितनी देर प्रभुकृपा से उसे अवसर प्राप्त हुआ है।

## संपादकीय

# नितिन नबीन की नियुक्ति भाजपा में नव चेतना का आगाज

भारतीय जनता पार्टी ने नितिन नबीन को नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर देश की राजनीति में एक नया संकेत दिया है। रविवार को की गई इस घोषणा ने न केवल भाजपा के भीतर, बल्कि समूचे राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को जन्म दिया। 45 वर्षीय नितिन नबीन की यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। ऐसे में यह निर्णय कई राजनीतिक विश्लेषकों के लिए



एक 'सरप्राइज फैक्टर' साबित हुआ और इसे भाजपा में संभावित पीढ़ीगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। नितिन नबीन का राजनीतिक सफर साधारण नहीं रहा है। उन्होंने राजनीति की शुरूआत भारतीय जनता युवा मोर्चा से की और धीरे-धीरे संगठन में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। वे अब तक पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं और बिहार सरकार में दो बार मंत्री पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पथ निर्माण मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को सड़कों के व्यापक विकास और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, छत्तीसगढ़ के प्रभारी के रूप में उन्होंने बूथ-स्तरीय संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका असर चुनावी परिणामों में भी देखने को मिला। भाजपा नेतृत्व ने उनकी नियुक्ति के पीछे उनके संगठनात्मक कौशल, जमीनी जुड़ाव और चुनावी रणनीतियों की समझ को प्रमुख कारण बताया है। नितिन नबीन उन नेताओं में गिने जाते हैं, जो फाइलों से ज्यादा फील्ड में विश्वास रखते हैं। उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में बनी है, जो कार्यकर्ताओं के बीच सहज संवाद स्थापित कर सकता है और संगठन को नीचे से ऊपर तक मजबूत करने में विश्वास रखता है। इस नियुक्ति का राजनीतिक और सामाजिक महत्व भी कम नहीं है। नितिन नबीन सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग से आते हैं और भाजपा के 'सबका साथ, सबका विकास' के विचार को व्यवहार में उतारने का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी नियुक्ति यह संदेश भी देती है कि पार्टी अब नेतृत्व के नए चेहरों को आगे लाने के लिए तैयार है, जिनमें युवा ऊर्जा के साथ-साथ तकनीकी और डिजिटल समझ भी हो। विशेषकर आने वाले 2026-27 के चुनावी चक्र में डिजिटल प्रचार-प्रसार और संगठनात्मक नवाचारों में उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। हालांकि, इस फैसले पर कुछ सवाल भी उठे हैं। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं और राजनीतिक आलोचकों का मानना है कि नितिन नबीन के पास राष्ट्रीय स्तर का व्यापक अनुभव नहीं है। इसे लेकर आलोचनाएं भी सामने आई हैं। लेकिन भाजपा नेतृत्व का तर्क है कि किसी भी संगठन में पद की सफलता अनुभव से अधिक नेतृत्व क्षमता, समर्पण और जमीनी पकड़ पर निर्भर करती है। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद नितिन नबीन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। यह संकेत माना जा रहा है कि वे नई जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाने और शीर्ष नेतृत्व के साथ समन्वय बनाकर आगे बढ़ने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# प्रदूषण पर चर्चा का मुद्दा

**राज कुमार सिन्हा**

वायु प्रदूषण आज हमारे समय का सबसे मौन, लेकिन सबसे घातक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। शहर हों या गांव, हर जगह हवा में घुले अदृश्य जहरीले कण—औद्योगिक धुआं, वाहनों का उत्सर्जन, थर्मल पावर प्लांटों की राख और घरेलू ईंधन का धुआं—लोगों की सांसों को धीरे-धीरे विषाक्त बना रहे हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसका असर बिना शोर-शराबे के होता है। न दर्द तुरंत दिखाई देता है, न बीमारी तत्काल सामने आती है, लेकिन शरीर को भीतर से खोखला करने की इसकी क्षमता बेहद घातक है। इसलिए वायु प्रदूषण अब केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल बन चुका है। वायु प्रदूषण सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी सवाल है। सबसे दूषित हवा वही लोग सांस में लेते हैं, जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं—गरीब परिवार, सड़क किनारे रहने वाले लोग, औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास बसे समुदाय और दिहाड़ी मजदूर। अस्थमा, सीओपीडी, ब्रोंकाइटिस और लगातार खांसी अब आम बीमारियां बनती जा रही हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि प्रदूषित हवा दिल और दिमाग को भी गंभीर नुकसान पहुंचाती है। सूक्ष्म कण रक्तप्रवाह में प्रवेश कर दिल का दौरा, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ा देते हैं। बच्चों के विकसित होते फेफड़े प्रदूषित हवा को सहन नहीं कर पाते, जिससे उनकी फेफड़ों की क्षमता स्थायी रूप से कम हो सकती है। बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी उच्च जोखिम में रहती हैं, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है और विषैले कणों से लड़ पाना कठिन हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण हर वर्ष विश्वभर में लगभग 90 लाख लोगों की मृत्यु होती है। लैंसेट की हालिया रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2022 में भारत में लगभग 17 लाख मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी थीं, जो 2010 की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक हैं। इनमें से लगभग 7.5 लाख मौतों के लिए जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार रहा, जबकि अकेले कोयले से करीब 4 लाख मौतें दर्ज की गईं। ये आंकड़े ऐसे समय सामने आए हैं, जब दिल्ली और उत्तर भारत का बड़ा हिस्सा फिर से शीतकालीन धुंध की गिरफ्त में है और कई क्षेत्रों में पीएम 2.5 का स्तर सुरक्षित सीमा से 20 गुना तक अधिक दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य के अलावा वायु प्रदूषण का असर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर भी साफ दिख रहा है। हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में समय से पहले प्रसव के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसी तरह, कोयला खदानों के पास रहने वाले लोगों पर किए गए अध्ययनों में फेफड़ों की गंभीर बीमारियां और कार्यक्षमता में गिरावट सामने आई है। भारत में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए कानून और योजनाएं मौजूद हैं। वायु (रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1981 तथा 2019 में शुरू किया गया राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) इसके प्रमुख उदाहरण हैं। हालांकि, जमीनी स्तर पर इन योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर कमी दिखती है। आवंटित बजट का पूरा उपयोग न हो पाना और कई स्वच्छ शहरों की हवा का लगातार खराब होना नीति और क्रियान्वयन के बीच की खाई को उजागर करता है। विकास के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ कटाई और शहरी विस्तार ने स्थिति को और गंभीर बनाया है। एक ओर नगर वन जैसी योजनाओं की घोषणा होती है, तो दूसरी ओर हजारों पेड़ों की कटाई के प्रस्ताव सामने आते हैं। वायु प्रदूषण अब भविष्य की नहीं, वर्तमान की आपदा है।

# राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान के यशस्वी, कर्मठ एवं जनसेवक मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेशभर में शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर राजकीय सम्मानित समाजसेवी जिनेश कुमार जैन ने मुख्यमंत्री जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जैन ने कहा कि एक सामान्य परिवार से निकलकर कठिन परिश्रम, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर राज्य की सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुँचना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संघर्षपूर्ण जीवन, अदम्य इच्छाशक्ति एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है। उनके नेतृत्व में राजस्थान विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि मुख्यमंत्री जी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं अपार ऊर्जा प्रदान करें, ताकि उनके यशस्वी नेतृत्व में राजस्थान निरंतर प्रगति, समृद्धि और सम्मान के पथ पर अग्रसर रहे।

# जिसके पास खोने को कुछ नहीं होता, वहीं सबसे बड़ा खतरा बन जाता है

किसी भी समाज की सबसे खतरनाक रचना वह इंसान होता है जिसके पास खोने को कुछ नहीं होता। यह पंक्तियाँ सिर्फ शब्द नहीं हैं, बल्कि जीवन से निकली हुई कड़वी सच्चाई हैं। जब किसी व्यक्ति से उसके सपने, उसका सम्मान, आगे बढ़ने के अवसर और बेहतर भविष्य की उम्मीदें छीन ली जाती हैं, तब उसके भीतर डर नहीं बचता। वह भय से नहीं, अपने दर्द से चलता है। ऐसा इंसान किसी व्यवस्था से नहीं डरता, क्योंकि वही व्यवस्था उसे पहले ही भीतर से तोड़ चुकी होती है।



भूख इंसान को कमजोर नहीं बनाती, अपमान उसकी आत्मा को घायल करता है और अन्याय उसके भीतर या तो गहरी चुप्पी भर देता है या फिर ऐसी आग जला देता है जो सब कुछ भस्म कर सकती है। इतिहास गवाह है कि जब-जब समाज ने किसी वर्ग को लगातार दबाया, उसकी आवाज नहीं सुनी और उसके साथ बराबरी का व्यवहार नहीं किया, तब-तब वही लोग उठ खड़े हुए जिनके पास खोने को कुछ भी नहीं बचा था। ऐसे लोग समझौते नहीं करते, क्योंकि समझौते के लिए कुछ बचा ही नहीं होता। समाज को सबसे पहले उसी आग से डरना चाहिए जिसे उसने खुद अपने व्यवहार, अपनी नीतियों और अपनी संवेदनहीनता से पैदा किया है। यह आग अचानक नहीं भड़कती, यह धीरे-धीरे वर्षों के अन्याय, तिरस्कार और उपेक्षा से तैयार होती है। जब इंसान को यह महसूस होने लगे कि उसकी मेहनत का कोई मूल्य नहीं, उसकी सच्चाई की कोई सुनवाई नहीं और उसके अस्तित्व की कोई अहमियत नहीं, तब वह या तो पूरी तरह टूट जाता है या फिर सब कुछ बदल देने का साहस जुटा लेता है। यह विचार हमें याद दिलाता है कि अगर समाज में शांति चाहिए तो सिर्फ उपदेश नहीं, न्याय देना होगा। अगर स्थिरता चाहिए तो सिर्फ कानून नहीं, बराबरी देनी होगी। अगर विकास चाहिए तो सिर्फ आंकड़े नहीं, इंसानों की गरिमा का सम्मान करना होगा। वरना जिनके पास खोने को कुछ नहीं होता, वे चुपचाप सहते नहीं, बल्कि इतिहास की दिशा बदल देते हैं। यह लेख किसी को डराने के लिए नहीं, बल्कि चेताने के लिए है। यह सिर्फ चेतावनी नहीं, बल्कि आत्ममंथन का संदेश है—समाज के लिए भी और सत्ता के लिए भी। समय रहते अगर पीड़ा को समझ लिया जाए, तो आग बनने से पहले ही दर्द को मरहम दिया जा सकता है।

**नितिन जैन**
**संयोजक: जैन तीर्थ श्री पार्श्व पद्मावती धाम, पलवल (हरियाणा)**
**जिलाध्यक्ष: अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, पलवल**
**मोबाइल: 9215635871**

# पार्श्वनाथ एवं चंद्र प्रभ जन्म तप कल्याणक पर्व पर दिगंबर जैन पाठशाला डडूका के बच्चों ने बनाए वर्किंग मॉडल

## हर्षल जैन का पार्श्वनाथ टोंक मॉडल प्रथम

**डडूका. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन पाठशाला डडूका द्वारा भगवान पार्श्वनाथ एवं चंद्र प्रभ जन्म तप कल्याणक पर्व पर बच्चो की जैन तीर्थों ओर मंदिरों आधारित वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता पाठशाला प्रेरक अजीत कोठिया के संयोजन में आयोजित की गई। आयोजन में 11वर्किंग मॉडल के साथ 22बच्चो ने हिस्सा लिया। प्रारंभ में अजीत कोठिया ने सभी का स्वागत करते हुए बच्चो में रचनात्मकता पैदा करना और अपनी संस्कृति, तीर्थों ओर मंदिरों के बारे में जानकारी बढ़ाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बताया। कार्यक्रम में धनपाल शाह, मनोज एस शाह, जय कुमार शाह, रमनलाल शाह, अशोक के शाह, राजेंद्र कोठिया, अंकित शाह, सुधीर सेठ, मितेश शाह, प्रकाश भरड़ा, वस्तुपाल शाह, विजयचंद सेठ, अनिल कोठिया, राजमल शाह, पलाश जैन, वीरेंद्र शाह, संजय जैन, निवेश शाह, योगेश नरेंद्र शाह, मुकेश शाह रजनी कोठिया, टीना जैन, कुसुम कोठिया, चंद्रकांता आर शाह, भावना जैन , विमला आर शाह सहित कई अभिभावकों और समाजजनों ने हिस्सा लिया। समाज अध्यक्ष राजेश के शाह ने सभी का आयोजन मे भारी संख्या में उपस्थित रहने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पुरस्कार प्रायोजक वीरेंद्र सागरमल शाह बाबूजी थे। निर्णायक पलाश जैन एवं वीरेंद्र शाह थे। वर्किंग मॉडल में प्रथम स्थान हर्षल जैन के सम्मेदशिखर शाश्वत तीर्थ के पार्श्वनाथ टोंक को मिला। द्वितीय देवर्ष निवेश शाह का पार्श्वनाथ जिनालय डडूका मॉडल रहा। तृतीय सांची जैन व माही जैन का अष्टापद तीर्थ मॉडल एवं दिव्य जैन का तीर्थ मैचिंग मॉडल रहा। समाज जनो ने मॉडल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम संचालन एवं आभार प्रदर्शन अजीत कोठिया ने किया।





# नचिकेतन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी सहजप्रीत ने अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। नचिकेतन पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सहजप्रीत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। चाइनीज ताइपे आर्चरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित विश्व तीरंदाजी इंडोर विश्व श्रृंखला ताइपे तीरंदाजी ओपन प्रतियोगिता का आयोजन 05 दिसंबर से 07 दिसंबर तक किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहजप्रीत ने तीरंदाजी ( ओपन रिकर्व वर्ग ) में भाग लेते हुए बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 565 अंकों के साथ शीर्ष 16 खिलाड़ियों में स्थान बनाया तथा कड़े मुकाबले में कुल आठवां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण का परिचय दिया। विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु ने सहजप्रीत को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सहजप्रीत भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेगा। विद्यालय चेयरमैन राजेंद्र सिंह सिद्धु एवं सचिव छबील दास सुथार ने भी सहजप्रीत को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु, प्रशासक अशोक कुमार मोहराना, प्राचार्य सत्यनारायण पारीक, प्रबंधन समिति के सदस्य परमिंद्र सिंह सिद्धु, कपिल सुथार, शिवम सुथार, विद्यालय प्रेस प्रवक्ता गुरसेवक सिंह, अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने खिलाड़ी को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ-साथ विद्यालय शारीरिक शिक्षक नरेश कुमार, सोनू, राम पुनियां व सोनू देवी का भी हार्दिक धन्यवाद करते हुई उन्हें बधाई दी।

# मंत्री गौतम दक के जन्मदिवस पर युवाओं ने गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान सरकार में सहकारिता मंत्री गौतम दक के जन्मदिवस पर जैन समाज के युवाओं ने पिंजरापोल गौशाला सांगानेर में गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाकर जन्मदिवस मनाया। समाजसेवी चेतन जैन निमोडिया के नेतृत्व में उप महापौर पुनित कर्णावट, अमन जैन कोटखावदा, मनीष जैन रेणी, पारस जैन बिची, डॉ जितेन्द्र कोठारी,मनीष जैन टोरडी, अंकित टोरडी,आशीष जैन, मनीष काशीपुरा , रजत जैन डागा सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने गौ सेवा कर सहकारिता मंत्री का जन्मदिवस मनाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

# संस्थागत प्रतिभा खोज परीक्षा को लेकर छात्रों में भारी उत्साह

**रामगढ़. शाबाश इंडिया**



क्षेत्र के रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत उपाध्यासागर में होने वाले बहुप्रतीक्षित एवं चर्चित वार्षिक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर स्थानीय छात्र छात्राओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। फार्म मिलने तथा रजिस्ट्रेशन का अभी एक माह का समय शेष है लेकिन अभी ही प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन लगभग 500 से अधिक हो चुका है। सीमावर्ती अन्य प्रदेश के छात्र भी फॉर्म लेने के लिए फोन के माध्यम से संपर्क स्थापित कर रहे हैं। प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन कराने वाली संस्था मां कामाख्या ग्रामोधन ट्रस्ट जिसका मुख्यालय वाराणसी में स्थित है,के संस्थापक /अध्यक्ष अमरनाथ उपाध्याय एवं परीक्षा के संयोजक धर्मेंद्र शर्मा जी ने बताया कि विगत वर्ष लगभग 700 बच्चों की संख्या थी। वर्तमान में अभी तक की संख्या लगभग 500 संख्या पूर्ण हो चुकी है।




## भावभीनी श्रद्धांजलि

हमारी आदरणीय

**श्रीमती कमला काला**

(धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री महेंद्र प्रकाश काला)

के स्वर्गवास पर हम सभी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**श्रद्धानवत**

नीरू-नवीन, प्रीति-नरेन्द्र, पिंकी-चक्रेश, मीनू-राकेश, शिखा-प्रदीप, नूपुर-संजीव, राजेश-संध्या, संजीव-मंजू, राजेश-संगीता, दीपक-दीपाली, अमीय-आकांक्षा, शोभित-ज्योत्सना एवम समस्त B4 परिवार

## तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी आदरणीय



**श्रीमती कमला काला**

(धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री महेंद्र प्रकाश काला)

का आकस्मिक निधन दिनांक 16.12.25 को हो गया है। तीये की बैठक गुरुवार 18.12.25 को प्रातः 9:00 बजे तोतुका भवन, भट्टारकजी की नसियां पर होगी।

**शोकाकुल**

कमला देवी काला **(जेठानी)**, मनोज (पंचू)-नीलम, मोहित (बंटू)-छवि( **पुत्र-पुत्र वधू)**, मिलिन्द (मधुर)-पायल, महक-ईशा **(पौत्र-पौत्रवधू)**, रिभव, देवान्श **(पौत्र)**, आहान **(प्रपौत्र)**, मीनू (बेबी)-राकेश **(पुत्री दामाद)**, कृति-संकेत जैन, स्मृति-रजत ठोलिया **(दोहती-जवाई)**, विनय-शारदा, सुनील-सपना **(देवर-देवरानी)**, शैला, लता, इन्दु, इन्द्रा **(देवरानी)**, विक्रम, राज कुमार, विनोद, मुकेश, अमीय **एवं समस्त काला परिवार**।
प्रेम लता छाबड़ा **(पीहर पक्ष)**

# भीलवाड़ा शहर महिला मंडल द्वारा स्नेहिल गेट-टुगेदर का आयोजन



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा. शहर महिला मंडल के तत्वावधान में निजी फार्म हाउस पर एक स्नेहिल गेट-टुगेदर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल की बहनों ने उत्साह, उमंग एवं सौहार्द के साथ सहभागिता की। मंडल संरक्षिका मंजू सिंघवी ने बताया कि इस अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप सभी उपस्थित सदस्यों का तिलक व अपर्णा एवं स्वागत गिफ्ट द्वाराद्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत गरिमामय बन गया। अध्यक्ष मधु लोढ़ा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ में सितोलिया यस नो प्रतियोगिता शब्द के साथ में गाना प्रतियोगिता रस्सी कूद प्रतियोगिता और हाउजी कई प्रकार के पारंपरिक खेलों के साथ में मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम में संग के संरक्षक रामसिंह चौधरी, नाथूलाल छाजेड़, दलपत डांगी अध्यक्ष आनन्दजी पिपाड़ा, मंत्री पारसमल कुकड़ा, लक्ष्मीला खमेसरा एवं प्रदीप सिसोदिया निशांत चौधरी पिंटू बिलवाड़ीया की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मुनि श्री सुन्दर महाराज का नेमीसागर कोलोनी में भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर के वैशाली नगर स्थित नेमीसागर कोलोनी में जैनाचार्य सुन्दर सागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। इससे पूर्व मुनिसंघ का आज दोपहर जैन मंदिर एस एफ एस मानसरोवर से बिहार हुआ, जहां से भव्य जुलूस बैण्ड बाजे के साथ मुनिसंघ का नेमीसागर कोलोनी में प्रवेश हुआ। जुलूस में बडी संख्या में श्रावक श्राविकाएं एक समान परिधान में भक्तिभाव से नाचते गाते हुये चल रहे थे । श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि मुनिसंघ के नेमीसागर कोलोनी में प्रवास के दौरान प्रतिदिन नित्य शान्तिधारा, प्रवचन, स्वाध्याय, श्रुत समाधान आदि कार्यक्रम होंगे। साथ ही आगामी 24 दिसम्बर को आचार्य श्री सन्मति सागर महाराज का समाधि दिवस भक्तिभाव से मनाया जावेगा। आज की आरती के पुण्यार्जक महेन्द्र, रेणु बिलाला एवं परिवार थे।

# गांवों की लड़कियों में होती है वास्तविक सुंदरता: संगीता बिजलानी

## मिसेज मार्वलस इंडिया-2025 में जज बनीं बॉलीवुड अभिनेत्री बिजलानी ने दिया आत्मिक सौंदर्य पर जोर

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**




बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री संगीता बिजलानी ने कहा कि सुंदर दिखने के लिए बाहरी आवरण की भूमिका जरूर होती है, लेकिन वास्तविक और स्थायी सुंदरता आंतरिक होती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सरल और निष्कपट सुंदरता आज भी गांवों की लड़कियों में देखने को मिलती है। बिजलानी तथास्तु रिसोर्ट में आयोजित मिसेज मार्वलस इंडिया-2025 फैशन शो में बतौर जज भाग लेने उदयपुर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि टेलीविजन और मंच पर प्रस्तुतियों के लिए मेकअप आवश्यक हो सकता है, लेकिन व्यक्ति की सुंदरता का सही मूल्यांकन उसके आचार-विचार, व्यवहार, बोलचाल, कार्यशैली और संस्कारों से किया जाना चाहिए। शहरी सुंदरता में मेकअप और परिधान प्रमुख भूमिका निभाते हैं, जबकि गांवों की लड़कियां जन्मजात सुंदरता और सादगी से परिपूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि सुंदर कपड़े और सलीके से किया गया मेकअप व्यक्ति की खूबसूरती को बढ़ाता है, कम नहीं करता, लेकिन केवल इन्हीं के आधार पर सुंदरता नहीं आंकी जानी चाहिए। अपने कॅरियर अनुभव साझा करते हुए संगीता बिजलानी ने कहा कि उन्हें मॉडल से अभिनेत्री बनने तक के सफर में ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा और भाग्य हमेशा उनके साथ रहा। उन्होंने यह भी कहा कि काम न मिलने की स्थिति में कलाकार कई बार अवसाद में चले जाते हैं, जिससे गंभीर परिणाम सामने आते हैं। ऐसे समय में धैर्य रखना जरूरी है। उन्होंने योग को तनाव से मुक्ति का प्रभावी माध्यम बताते हुए युवाओं से इसे जीवन में अपनाने की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम निदेशक एवं संस्थापक डॉ. अदिति गोवित्रीकर ने बताया कि मिसेज मार्वलस इंडिया-2025 में 35 से 73 वर्ष की आयु वर्ग की 26 महिलाएं देश के विभिन्न हिस्सों से भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता छह चरणों में आयोजित होगी। निर्णायक मंडल में संगीता बिजलानी के साथ अमृता फड़नवीस, ध्रुव सोमानी और मिसेज यूएई वर्ल्ड टेलर एलिजाबेथ शामिल हैं। डॉ. गोवित्रीकर ने कहा कि उदयपुर की अतिथि देवो भवः परम्परा और यहां के लोगों का आत्मीय व्यवहार उन्हें बार-बार यहां आयोजन के लिए प्रेरित करता है। यह मंच गृहिणी महिलाओं को अपनी छिपी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

रिपोर्ट एवं फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'

# प्रतिष्ठित प्रतिमाओं को अयोध्या नगरी से भव्य शोभायात्रा के साथ शहर के जिनालयों में लाया गया

## नाचते-गाते भक्तों ने जयकारों के बीच प्रभु की अगवानी की

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

नगर में गजरथ महोत्सव के सफल आयोजन के पश्चात आज प्रातःकाल की वेला में अयोध्या नगरी से रथों में विराजमान नव-प्रतिष्ठित प्रभु को तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा के साथ नगर के जिनालयों में विराजमान कराया गया। यह शोभायात्रा मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर सुभाषगंज मैदान पहुँची, जहाँ विशाल धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि धर्म में पापी को पाप करने की छूट दी जाती है। पाप करते-करते वह अहंकार से फूल जाता है। प्रकृति की व्यवस्था ऐसी है कि पापी अपने कर्मों के बंधन में स्वयं जकड़ता चला जाता है और फिर कर्म ही उसे ऐसा दंड देते हैं कि उसे बचाने वाला कोई नहीं रहता। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार गोच गाय के स्तन से चिपककर दूध नहीं बल्कि रक्त पीती है, उसी प्रकार खोटे कर्म करने वाले को प्रकृति स्वयं उकसाती है, ताकि उसे कठोर दंड दिया जा सके। अच्छाइयों में भी बुराई देखने वाले के लिए प्रकृति के पास दंड की पूरी व्यवस्था है।





**विश्व शांति महायज्ञ की सफलता में नगरवासियों का रहा सराहनीय सहयोग:** जैन समाज मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि विश्व शांति महायज्ञ की सफलता से सम्पूर्ण जैन समाज हर्षित है। श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में नगर के सभी समाजों ने भरपूर सहभागिता निभाई और जैन समाज को हर प्रकार का सहयोग प्रदान किया। उन्होंने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रशासन एवं शासन का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया एवं मुकेश भैया सहित महोत्सव से जुड़े प्रमुख पात्रों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में जैन समाज अध्यक्ष राकेश कांसल, उपाध्यक्ष अजित वरोदिया, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, मंत्री शैलेन्द्र श्रागर, विजय धुर्रा, संजीव भारिल्य, मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार, ऑडिटर संजय के.टी., संयोजक मनोज रन्नौद, उमेश सिंघई, मनीष सिंघई, श्रेयांस घैला, थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन, टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अनेक प्रमुख जन उपस्थित रहे। मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि केवल



नियमों को अपनाना ही सब कुछ नहीं है, उससे आगे बढ़कर आत्मिक शुद्धि का विचार आवश्यक है। पुण्य समस्त कालिमा को धो देता है और जब व्यक्ति पुण्य-पाप से ऊपर उठता है, तब वह साधना की अवस्था में पहुँचता है। साधना में किस्मत की आवश्यकता नहीं होती, किंतु जिन कारणों से कर्मों का बंधन होता है, उन्हें समाप्त करना अत्यंत कठिन होता है। क्रोध और कषाय के कारण जीवन भर का संचित पुण्य भी नष्ट हो सकता है। संसार में रहते हुए यदि हम मंगलमय जीवन चाहते हैं, तो हमें मंगलाचरण करना होगा और जो स्वयं मंगलमय हो चुके हैं, उनके चरणों में नमन करना होगा।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com


## इतिहास रचा नसीराबाद ने: छावनी परिषद को पहली बार रक्षा मंत्री पुरस्कार

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**



नसीराबाद.छावनी परिषद नसीराबाद के लिए यह क्षण न केवल गौरव और सम्मान का, बल्कि स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने वाली एक ऐतिहासिक, अभूतपूर्व एवं युगांतकारी उपलब्धि है। परिषद को देश के प्रतिष्ठित रक्षा मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि छावनी परिषद नसीराबाद ने उत्कृष्ट प्रशासन, दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचारपूर्ण योजनाओं एवं जनसेवा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता से राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श संस्थान के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। यह अत्यंत गौरवपूर्ण सम्मान छावनी परिषद नसीराबाद के इतिहास में प्रथम बार प्राप्त हुआ है, जिसने परिषद को देशभर की छावनी परिषदों की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया है। यह उपलब्धि पारदर्शी प्रशासन, डिजिटल नवाचार, ई-छावनी मॉड्यूल्स के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नागरिक-केंद्रित सेवाओं का जीवंत उदाहरण है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया, इस ऐतिहासिक अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ , रक्षा सचिव, महानिदेशक रक्षा संपदा श्रीमती शोभा गुप्ता, तथा वित्तीय सलाहकार (रक्षा) की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और भी बढ़ा दिया।

# निशुल्क मिर्गी रोग शिविर में 102 रोगी हुए लाभान्वित

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

गुलाबपुरा. श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति गुलाबपुरा द्वारा माह के तृतीय मंगलवार को आयोजित कैंप मंगलवार को संस्था परिसर में लगाया गया। संस्था के मंत्री पदम चंद खटोड़ ने बताया की कैंप में चिकित्सालय के डॉक्टर देवित गुप्ता साहब ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए 102 मरीजों को 11 नए मरीजों सहित सेवा प्रदान की एवम निशुल्क दवा का वितरण किया गया। आज के कैम्प के लाभार्थी गुप्त नाम पूना रहे एवं कैंप में विशिष्ठ अतिथि बनवारी लाल, बालमुकुंद, राधाकिशन कोगटा, कोगटा फाउंडेशन विजयनगर/ जयपुर रहे। मिर्गी रोग संस्थान में कोगटा चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा इस अवसर पर मरीजों को कम्बल, कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। कैंप में आए मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए पूरे दिसम्बर माह की भोजन सेवा श्री जैन स्थानकवासी श्रावक संघ मसूदा द्वारा की गई है। जिसमें 223 से अधिक व्यक्तियों ने लाभ उठाया। शिविर में अनिल चौधरी ने मरीजों को मिर्गी रोग से बचाव व योगा के बारे में विस्तार से समझाते हुए इसके नियमित रूप से करने पर जोर दिया। संस्था के मंत्री पदम चंद जैन खटोड़ ने संस्था की गतिविधि की जानकारी दी, नानक श्रावक समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिलीप मेहता एवं अमित लोढ़ा ने स्वागत अभिनंदन किया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र चौरड़िया ने आभार व्यक्त किया। बालमुकुंद कोगटा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए सभी मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभ कामनाएं दी । शिविर में संस्था से मूल चंद नाबेडा, मदनलाल लोढ़ा, शान्ति लाल चपलोत,पारस बाबेल,सुरेश लोढ़ा, अमित सिसोदिया, विपिन मेहता, विनीत डांगी, सुनील लोढ़ा,सुशील चौधरी, प्रेम पाडलेचा दिनेश जोशी, राजेंद्र जयसवाल, सहित गणमान्य व्यक्तियो ने सेवाएं प्रदान की। शिविर का संचालन अनिल चौधरी ने किया।



## ओसवाल सभा परिवार की प्रतिभाओं का भव्य सम्मान एवं स्नेह मिलन 21 दिसम्बर को




**उदयपुर.शाबाश इंडिया**

ओसवाल सभा की कार्यकारिणी एवं कार्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक सभा अध्यक्ष प्रकाश चंद्र कोठारी की अध्यक्षता में द ग्रैंड कॉन्टिनेंटल लग्जरी होटल में आयोजित हुई। बैठक में सचिव आनंदीलाल बंबोरिया द्वारा पूर्व बैठक के मिनट्स का वाचन कर सवार्नुमति से अनुमोदन किया गया। बैठक में दिनांक 21 दिसंबर 2025, रविवार को महाप्रज्ञ विहार, भुवाणा में भव्य प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस समारोह में सहकारिता मंत्री गौतम दक, आरएएस दीपक मेहता सहित लगभग साठ प्रतिभाओं का सम्मान महामहिम पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री राजस्थान सरकार गौतम दक, विधायक ताराचंद जैन, विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, विधायक लादूलाल पितलिया, जिला कलेक्टर नमित मेहता, यूडीए आयुक्त राहुल जैन,प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ प्रमोद सामर, उपमहापौर पारस सिंघवी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। ओसवाल सभा के सभी सदस्य तथा उनके परिवारों के साथ-साथ सकल जैन समाज के सभी प्रबुद्ध जनों को भी इस समारोह में आमंत्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त, ओसवाल सभा के त्रिवार्षिक आम चुनाव का आयोजन मल मास में कराने का पूर्व में ही संविधान में प्रावधान किया गया था उसी अनुसार 11 जनवरी 2026, रविवार को कराने का सवार्नुमति से निर्णय लिया गया। चुनाव एवं अन्य वृहद कार्यक्रमों के संचालन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया गया। ओसवाल सभा के त्रैमासिक पत्रिका ह्यओसवाल संदेशह्व में विज्ञापन शुल्क भी निर्धारित किया गया है। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष फतेह सिंह मेहता ने किया। बैठक में 47 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

### जरुरतमंद महिलाओं को वितरित किए कंबल

## कठपुतली नगर में दिगंबर जैन महासमिति ने किया सेवा कार्य



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन महासमिति के स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को यहां दिगंबर जैन महासमिति, पश्चिम संभाग की ओर से चैरिटेबल सेवा कार्य का आयोजन किया गया। संभाग संयोजक रश्मि जैन ने बताया कि यह सेवा कार्य चांदवाई पारमार्थिक ट्रस्ट के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिसके मुख्य ट्रस्टी वीरेंद्र कुमार सेठी तथा ट्रस्टीगण शांता सेठी एवं अशोक चांदवाड़ हैं। इस अवसर पर ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में 32 विधवा एवं अन्य जरूरतमंद महिलाओं को गर्म कंबलों का वितरण किया गया। संभाग मंत्री महेंद्र छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष निर्मल कुमार संघी के साथ सुरेंद्र कुमार मोदी, राकेश संघी, सरला संघी, निशा संघी की उपस्थिति रही। साथ ही विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश टांक, विजिया कोठारी, महंत शिवचरण शर्मा, महंत कैलाश शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महामंत्री गजानंद, पार्षद प्रत्याशी हेमराज सहित कई वरिष्ठजनों की उपस्थिति में यह सेवा कार्य संपन्न हुआ। कठपुतली नगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा-संस्था जरुरतमंदों की सेवा में सदैव समर्पित भाव से कार्यरत है और ऐसे आयोजन प्रति माह आयोजित किए जाएंगे।



# नववर्ष 2026 का शुभारंभ रैवासा धाम, सीकर में 1008 कलशों से महामस्तकाभिषेक के साथ होगा

## 1008 कलश, भक्ति और आस्था नववर्ष 1 जनवरी 26पर रैवासा धाम पर होगा दिव्य आयोजन



रैवासा, सीकर. शाबाश इंडिया

नववर्ष 2026 का पावन शुभारंभ इस वर्ष देवाधिदेव श्री 1008 सुमतिनाथ भगवान (रैवासा के चमत्कारी बाबा) के श्री चरणों में भक्तिभाव से ढोक लगाकर किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर श्री दिगम्बर जैन भव्योदय अतिशय क्षेत्र, रैवासा में एक भव्य एवं ऐतिहासिक महामस्तकाभिषेक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार 1 जनवरी 2026, गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे से अतिशयकारी श्री सुमतिनाथ भगवान का 1008 कलशों से महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। इस पावन अनुष्ठान में सहभागी बनने के लिए प्रति कलश मात्र ₹300/- की पुण्य राशि निर्धारित की गई है।श्रद्धालु परिवारजन इस दुर्लभ पुण्य अवसर का लाभ उठाकर नववर्ष को आध्यात्मिक ऊर्जा से प्रारंभ कर सकते हैं। इस भव्य धार्मिक आयोजन का सीधा प्रसारण उसी दिन जिनवाणी चैनल पर किया जाएगा, जबकि अगले दिन आदिनाथ चैनल पर भी इसका प्रसारण होगा, जिससे देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु भी इस दिव्य आयोजन से जुड़ सकेंगे।

### 51 या अधिक कलश लेने वाले परिवारों को विशेष सम्मान

आयोजन समिति ने बताया कि जो परिवार 51 कलश या उससे अधिक कलश ग्रहण करेंगे, उनके नामों का उच्चारण उसी दिन जिनवाणी चैनल पर तथा अगले दिन आदिनाथ चैनल पर किया जाएगा, जो उनके लिए विशेष सौभाग्य का विषय होगा।

### निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु 1 जनवरी 2026 को रैवासा धाम जाने के लिए निःशुल्क बस सेवा की भी व्यवस्था की गई है, जिससे अधिक से अधिक साधर्मी बंधु इस दिव्य आयोजन में सपरिवार सहभागी बन सकें।

### नाम दर्ज कराने का आग्रह

इस पुण्य अवसर में भाग लेने के इच्छुक साधर्मी बंधु अपना नाम जयकुमार जैन-बड़जात्या के पास नोट करवा सकते हैं। जयकुमार जैनझबड़जात्या (सीकर वाले) ने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि वे इस अलौकिक धार्मिक आयोजन में सपरिवार सम्मिलित होकर नववर्ष को मंगलमय बनाएं।

# बड़ौत में गूंजी "विमर्श वाणी" बीज की भाँति आत्मा ही बनता है परमात्मा: भावलिंगी संत

## बड़ौत धर्मनगरी में हो रहा है शीतकालीन प्रवास भावलिंगी संत दिगम्बराचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महामुनिराज ससंघ 35 पिछि का



उ.प्र. बड़ौत. 11 वर्षों बाद गूंज रही है धर्मनगरी बड़ौत में भावलिंगी संत दिगम्बराचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज की महामंगल मय वाणी। जी हाँ, सन 2014 में आचार्य श्री ससंघ का चातुर्मास बड़ौत में सम्पन्न हुआ था। बड़ौत नगर के गुरुभक्त आचार्य गुरुवर को चुना नगर में लाने का अथक प्रयास करते रहे। दीर्घ अन्तराल के पश्चात आचार्य गुरुवर का पुनः आगमन धर्मनगरी बड़ौत में हुआ तो लगा मानो दीवाली ही नगर में आ गयी हो। बड़ौत जैन समाज के विशेष आग्रह निवेदन पर आचार्य श्री ने बड़ौत समाज को 'शीतकालीन प्रवास' का मंगलमय शुभशीष प्रदान किया। आज से बड़ौत के अजितनाथ सभागार मण्डी में श्री रयणसार ग्रंथ पर मंगलमय वाचना प्रवचन प्रारंभ हो रही है। प्रातः काल की बेला में भव्य श्रावक-श्राविकायें गुरु आराधना पूर्वक गुरुवर की दिव्य देशना श्रवण करेंगे। 16 दिसम्बर की प्रातः काल की धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा जब तक बीज धरती में बोया नहीं जाता तब तक वह फल प्रदान करने में समर्थ नहीं हो सकता। बीज भूमि को देखता रहे और भूमि बीज को देखती रहे, इतेने मात्र से न तो भूमि फसल प्रदान कर सकती है और नही बीज फल दे सकता है; ठीक इसी प्रकार आप भगवान को मात्र देखते रहें कभी अपना समर्पण न कर सकें तो भगवान को देखने मात्र से आप भगवान नहीं बन सकेंगे। भगवान बनने की पहली आवश्यकता है आत्म समर्पण अर्थात अब मैं जो कुछ भी करूंगा वह एक मात्र जिनेन्द्र भगवान के द्वारा बतलाये गये मार्ग के अनुसार ही करूँगा अपनी स्वेच्छाचार प्रवृत्ति नहीं करूंगा ऐसी आत्म समर्पण की भावना जहाँ जन्म लेती है वहीं से भगवान बनने की यात्रा प्रारंभ हो जाती है।

# श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति चवलेश्वर पार्श्वनाथ वामादेवी महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



चवलेश्वर पार्श्वनाथ

चंवलेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र में श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति चवलेश्वर पार्श्वनाथ वामादेवी महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रीय अध्यक्षा शीला डोडिया व अंचल अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल के निर्देशन में आयोजित हुआ ।समारोह में देवली - बेगु -चित्तौड़ -केकड़ी -बिजोलिया संभाग के सदस्य और आसपास के गाँवों के समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्य का क्षेत्र की महिलाओं द्वारा स्वागत किया गया और विधान शपथ ग्रहण समारोह और नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। महुआ की महिलाओं के द्वारा मंगलाचरण किया गया और पारोली और जामोली की महिलाओं के द्वारा स्वागत नृत्य बहुत ही शानदार रूप में प्रस्तुत किया गया। सामारोह में राष्ट्रीय एकता और सभी को मिल जुलकर कार्य करने का संदेश दिया गया भगवान पार्श्वनाथ की जन्म जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई और समारोह में नये संभाग की स्थापना की गई।

# गिरनार जी सिद्ध क्षेत्र की यात्रा पर जा रहे 101 सदस्यीय यात्री दल को दी विदाई



जयपुर. शाबाश इंडिया

जनकपुरी के नेमिनाथ से सिद्ध क्षेत्र गिरनार के नेमिनाथ की छ दिवसीय यात्रा पर जा रहे 101 सदस्यीय यात्री दल को जयपुर रेल्वे स्टेशन पर मंगलवार की शाम आमेर के सांवला जी नेमिनाथ मंदिर के अध्यक्ष एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल ने माला पहनाकर ससम्मान विदा किया। इधर यात्री दल में शामिल धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, महेश काला , सोभाग अजमेरा, सुनील सेठी ,कमलेश पाटनी, देवेन्द्र कासलीवाल, राजेश गर्ग, मिश्री लाल काला, धन कुमार जैन, सुरेंद्र काला, विकास साखुनियाँ, शकुन्तला बिंदायक्या सहित सभी सदस्यों का माला पहनाकर अभिनंदन किया। अभिनंदन संस्थान के संरक्षक ज्ञान चंद जैन, राकेश माधोराजपुरा, पंकज लुहाड़िया, राजेन्द्र ठोलिया, तारा चंद गोधा, सिद्ध सेठी, निशा, लक्ष्मी आदि द्वारा किया गया। यात्री दल सिद्ध व अतिशय क्षेत्र के दर्शन करते हुए जैन धर्म अहिंसा व शाकाहार का प्रचार प्रसार करेगा।